संख्या: 1:05:138: I: सीएस
दिनांक: 16.06.2025

| National Stock Exchange of India Limited<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>MUMBAI – 400 051.<br><br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा – कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई – 400 051. | BSE Limited,<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>MUMBAI – 400 001.<br><br>बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवा विभाग,<br>मंजिल – 25, पीजे टावर्स, दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई – 400 001. |
|---|---|

**विषय: पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी - सासवड ट्रांसमिशन लिमिटेड का निगमन**

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) कंपनी को पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया गया है:

| क्रमांक | एसपीवी का नाम | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | सासवड ट्रांसमिशन लिमिटेड | “400/220 केवी सासवड (जिला पुणे) की स्थापना” के विकास हेतु। |

महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड (एमएसईटीसीएल) ने टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से उपरोक्त पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए पारेषण सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में बोलीदाता के चयन के उद्देश्य से पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में नियुक्त करते हुए 19.03.2025 को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, बीपीसी को परियोजना की रूपरेखा तैयार करनी होगी और यदि आवश्यक हो, तो भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी की प्रक्रिया शुरू करनी होगी। इन गतिविधियों के लिए, एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) का गठन आवश्यक है जो पारेषण परियोजनाओं की विभिन्न प्रारंभिक गतिविधियाँ जैसे सर्वेक्षण और रिपोर्ट तैयार करना, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करना और यदि आवश्यक हो, तो वन मंज़ूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू करेगा।

एसपीवी को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ट्रांसमिशन सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली दिशानिर्देशों के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता को हस्तांतरित किया जाना है।

तदनुसार, उपरोक्त पारेषण योजना के विकास हेतु उपरोक्त एसपीवी को पीएफसीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया है। बोली प्रक्रिया पूरी होने के बाद एसपीवी सफल बोलीदाता को हस्तांतरित कर दी जाएगी। बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता परियोजना का विकास करेगा।

यह आपकी जानकारी और रिकार्ड के लिए प्रस्तुत किया गया है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
mk_agarwal@pfcindia.com